#01

ज़िम्मेदार नागरिक

न्याय विभाग
DEPARTMENT OF
JUSTICE

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk

सुशील पिछले कई सालों से एक खाली पड़ी सरकारी ज़मीन पर खेती करके अपना घर चलाता था

अरे भाई सुशील अब तो तुम्हारे परिवार को खेती और गुजारा करने के लिए ज़मीन मिल गई है। अब तो पुरानी ज़मीन सरकार को वापस कर दो। कहीं उसको हड़पने का इरादा तो नहीं है???

एक दिन अचानक

मैंने कहाँ किसी की ज़मीन को हड़पा है? मैं तो बस घर चलाने के लिए उस ज़मीन पर सालों से खेती कर रहा था। मैं ज़मीन जरूर लौटा दूंगा!

सुशील खेती में लगी अपनी मेहनत के बारे में सोचता है

पर इस बार भी उस ज़मीन पर मेरी बहुत सारी मेहनत और पैसे लगे हुए हैं, मैं इस बार की उपज होते ही ज़मीन वापस कर दूँगा।

न्याय विभाग
DEPARTMENT OF JUSTICE

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk

पड़ोसी झल्लाते हुए

नहीं, मुझे तुम्हारी नियत ठीक नहीं लग रही!!!

पड़ोसी से बढ़ती बहस से सुशील परेशान हो जाता है, पर अचानक उसे अपने मित्र जुनैद की याद आयी। जुनैद टेली-लॉ सेवा में न्याय सहायक के रूप में कार्य करते हैं।

कुछ समय बाद
सुशील पास की दुकान के बाहर
जुनैद से मिलते हैं और अपनी परेशानी बताते हैं!

मुझे डर है कि कही कोई मेरी शिकयत ना कर दे और सरकार फसल के साथ ही ज़मीन वापस ना मांग ले।

न्याय सहायक हौसला देते हुए

हाँ इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की जरूरत तो है। मैं आपका रजिस्ट्रेशन टेली-लॉ में कर देता हूँ। आप वहां वकील से बात करके नि:शुल्क सलाह प्राप्त कर सकते हो।

न्याय विभाग
DEPARTMENT OF JUSTICE

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk

न्याय विभाग
DEPARTMENT OF
JUSTICE

Your Trusted Neighbourhood Kiosk

न्याय सहायक की मदद से मैंने टेली-लॉ सेवा में अपना केस पंजीकृत किया और वकील द्वारा दी गयी सलाह के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर को एक प्रार्थना पत्र लिखा, जिसे दोनों ने स्वीकार कर लिया और मेरे पक्ष में फैसला दिया। मैंने खेती की फसल को काटने के बाद समय से ज़मीन को लौटा भी दिया।
एक आम किसान की इस मुसीबत को दूर करने में टेली-लॉ सेवा से मिली मदद का मैं बहुत आभारी हूँ।